दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, बुधवार, 09 फरवरी 2022

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

थमा सुरों का करिश्मा

आखिर महामारी ने एक अनमोल भारत-रत्न हमसे छीन लिया। कोविड से संक्रमित होने के बाद वे करीब एक माह से मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थीं। जिन लता मगेशकर की वाणी में सरस्वती बसती थीं, उसी सरस्वती के दिन वसंत-पंचमी को वे वेंटिलेटर पर चली गईं। रविवार की सुबह उन्होंने आखिरी सांसें लीं। इस महान पार्श्व गायिका ने भारतीय फिल्म संगीत को नये आयाम दिये। तभी उन्हें 'स्वर साम्राज्ञी' व भारत की 'सुर कोकिला' जैसे न जाने कितने नाम से पुकारा जाता रहा। जिस लता को कभी औपचारिक शिक्षा का मौका नहीं मिला, उन्होंने 36 भारतीय भाषाओं में करीब आधी सदी तक हजारों गाने गाये। दरअसल, लता मगेशकर के गाये गीत आम भारतीय के जीवन में रच-बस गये। उनके गाये गीतों को जहां संगीत विशेषज्ञों ने सराहा, वहीं आम आदमी उनसे सीधा जुड़ता रहा। उनकी आवाज की तुलना मोतियों तथा पारदर्शी क्रिस्टल से होती रही। उनके गाये गीतों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में खुशियां भरीं। भारत ही नहीं, पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में उन्हें वही सम्मान मिला। एक बार अमिताभ बच्चन से किसी पाकिस्तानी ने कहा- हम बहुत खुश हैं, सब कुछ है, मगर ताजमहल व लता मगेशकर की कमी खलती है। उनके गाये गीत करोड़ों लोगों की जिंदगी का संगीत बने। तभी उनके निधन पर पूरा देश गमगीन है। दुनिया के तमाम देशों से उनके लिये श्रद्धांजलि सदेश आ रहे हैं।

लता मगेशकर का जीवन शुरुआत से ही इतना सुखमय व सहज-सरल नहीं रहा। कामयाबी की ऊंचाइयां छूने से पहले उनका जीवन तकलीफ, तिरस्कार व संघर्ष भरा रहा। आर्थिक तंगी के बीच पिता दीनानाथ मगेशकर का अवसान और पारिवारिक जिम्मेदारी का बोझ संभालना पड़ा लता को। शास्त्रीय संगीत विरासत में मिला, मगर वह दौर संगीत के जरिये घर चलाने लायक नहीं था। मराठी व हिंदी फिल्मों में मन मारकर अभिनय भी किया। अपनी आवाज को स्थापित करने के लिये बड़ा संघर्ष किया। गुलाम हैदर जैसे लोगों ने उन्हें समझाया कि पतली आवाज बताकर जो लोग आज तुम्हें खारिज कर रहे हैं, वे ही आने वाले कल में तुम्हारे मुरीद होंगे। लता को प्रेरित करने वाले गुलाम हैदर व नूरजहां कालांतर पाक चले गये, लेकिन उनकी भविष्यवाणी सच हुई। लता ने अपनी आवाज को संवारा, परिवार को उबारा और फिल्म संगीत की दुनिया में अपनी विशिष्ट जगह बनायी। निस्संदेह कल कई गायिकाएं आएंगी, लेकिन वे लता मगेशकर नहीं हो सकतीं। सही मायनों में भारत रत्न! गीत के भाव और नजाकत को आवाज में पिरोने का हुनर सिर्फ लता के ही पास था। वर्ष 1989 में उन्हें दादा साहब फाल्के तथा 2001 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मिला। मगर पुरस्कारों से बढक़र वे करोड़ों भारतीयों के दिलों में राज करती रहीं। निस्संदेह लता मगेशकर के सुरों के करिश्मे को शब्दों में बयां करना कठिन ही है। उन्हें सिर्फ गायिका या संगीत जगत का प्रतिनिधि चेहरा ही नहीं कहा जा सकता, बल्कि सही मायनों में वे भारतीयों के अवचेतन में रच-बस गई थीं। वे भारतीय काव्यधारा का हिस्सा थीं।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 150 अंक से अधिक चढ़ा

मुंबई । वैश्विक बाजारों में मिश्रित रुख के बीच मारुति, टाइटन और बजाज फिनसर्व के शेयर में वृद्धि से शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स मंगलवार को 150 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 156.46 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त लेकर 57,777.65 पर कारोबार कर रहा था, वहीं निफ्टी 48.75 अंक या 0.28 फीसदी की वृद्धि के साथ 17,262.35 पर आ गया।

सेंसेक्स में सबसे अधिक करीब 1.83 प्रतिशत की वृद्धि मारुति के शेयर में हुई। साथ ही टाइटन, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, डॉ. रेड्डीज, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ पावर ग्रिड, टीसीएस, एसबीआई, एनटीपीसी और इन्फोसिस के शेयर लाल निशान में रहे।

इससे पिछले सत्र में सेंसेक्स 1,023.63 अंक यानी 1.75 फीसदी की गिरावट लेकर 57,621.19 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 302.70 अंक या 1.73 प्रतिशत फिसलकर 17,213.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग और शंघाई के शेयर मध्य सत्र सौदों में घाटे के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि सियोल और टोक्यो इस दौरान लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत फिसलकर 92.49 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 1,157.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

आरबीआई ने कर्नाटक के मिल्लाथ को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध बढ़ाया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कर्नाटक के देवांगरे में स्थित मिल्लाथ को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंधों को और तीन महीने के लिए सात मई 2022 तक बढ़ा दिया। इससे पहले 10 मई 2019 को जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक खाते से निकासी की सीमा 1,000 रुपये तय की गई थी। इस प्रतिबंध को समय-समय पर बढ़ाया गया है। आरबीआई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि पहले जारी सभी दिशानिर्देश तीन महीने के विस्तार के दौरान यथावत रहेंगे।

रेनॉल्ट ने घरेलू बाजार में कुल आठ लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा हासिल किया

मुंबई । फ्रांस की वाहन विनिर्माता कंपनी रेनॉल्ट ने भारतीय बाजार में कुल आठ लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कंपनी ने अपनी उपस्थिति के एक दशक में बिक्री का यह आंकड़ा हासिल किया है।

रेनॉल्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कोरोना वायरस महामारी और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2021 कंपनी के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष साबित हुआ है।

कंपनी ने कहा कि रेनॉल्ट ब्रांड की वैश्विक बिक्री में भारत का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय बाजार कंपनी के शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में शामिल है।

रेनॉल्ट इंडिया संचालन के देश में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंधन निदेशक वेंकटराम मामिलपल्ले ने कहा, हम भारत में आठ लाख बिक्री का आंकड़ा पार कर बेहद खुश हैं। यह एक अभूतपूर्व यात्रा रही है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने भारत में एक मजबूत नींव स्थापित की है।

वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि पिछले साल की शुरुआत में घरेलू बाजार में पेश की गई एसयूवी किगर उसकी प्रमुख बिक्री वाली कारों में से एक के रूप में उभर रही है। वही क्विड ने हाल ही में चार लाख इकाई की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है और ट्राइबर को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

आईजीईएसएल ने 740 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किये

नईदिल्ली । आइनॉक्स विंड की इकाई आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लि.(आईजीईएसएल) ने अपने 740 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल कर दिए है।

आईजीईएसएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सात फरवरी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष एक मसौदा दस्तावेज दाखिल किया है।

कंपनी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आईजीईएसएल के आईपीओ में 370 करोड़ रुपये तक के शेयर जारी किये जायेंगे। साथ ही कंपनी द्वारा 370 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

इससे पहले दिसंबर 2021 में आईजीईएसएल के निदेशक मंडल (पहले आईनॉक्स विंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड) ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने को मंजूरी दी थी।

हवा में रोमांस का ऑफर, एयरलाइन कंपनी दे रही 45 मिनट का स्पेशल प्लान

नईदिल्ली । हवाई यात्रा के दौरान कई सारे नियम ऐसे होते हैं जिनका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। यात्रा के दौरान प्लेन में लोगों के लिए रोमांस करना भी मुश्किल होता है। हालांकि अब एक एयरलाइन ऐसा ऑफर लेकर आई है जिसके तहत न केवल प्यार करने की छूट मिलेगी बल्कि प्रिवेसी का भी खयाल रखा जाएगा। अमेरिका में कसीनो के लिए मशहूर लॉस वेगास की एयरलाइन ने कपल के लिए हवा में प्यार करने का अनोखा प्लान शुरू किया है।

एयरलाइन ने 45 मिनट का प्लान शुरू किया है। खास बात यह है कि कम पैसा चुकाकर भी हवा में रोमांस करने का सपना पूरा किया जा सकता है। इस प्लान के लिए आपको लगभग 74 हजार रुपये चुकाने होंगे। एयरलाइन के मुताबिक विमान में अलग कमरे की तरह की सुविधा होगी।

बता दें कि यह विमान लॉस वेगास से कम दूरी के लिए ही उड़ान भरेगा। विमान में पायलट हेडफोन पहनेगा और उड़ान के दौरान किसी भी यात्री को कोई डिस्टर्ब नहीं करेगा। इसमें यह भी नियम बनाया गाय है कि पायलट कॉकपिट से बाहर नहीं जा सकेगा।

जो कंपनी यह प्लान लेकर आई है उसका नाम लव क्लाउड है। कंपनी का कहना है कि यह अनोखा अनुभव देकर वह लोगों के रिश्तों को मधुर बनाने और शादियों को बचाने का काम कर रही है। कंपनी ने एक साथ में प्लान यह भी दिया है कि थोड़ा ज्यादा भुगतान करने पर हवा में ही शादी भी करवाई जाएगी। इसके साथ ही अगर कुछ लोगों के खाने का भी प्रबंध करवाना है तो उसकी भी व्यवस्था की जाएगी।

टी20 विश्वकप: महज 5 मिनट में बिके भारत-पाक मैच के टिकट

मेलबर्न । भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप मैच के टिकट पांच मिनट के भीतर बिक गए। यह टूर्नामेंट इस साल 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच खेला जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में भारत के दूसरे ग्रुप मैच के टिकट भी सोमवार को बिक गए, हालांकि इस मैच के लिए भारत के प्रतिद्वंदियों का फैसला होना बाकी है।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में सात स्थानों पर होने वाले टी20 विश्व कप के टिकट सोमवार से आम जनता के लिए बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए।

इस संबंध में टूर्नामेंट के सीईओ मिशेल एनराइट ने कहा, हम जानते हैं कि अब तक टिकट खरीदार मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के रहे हैं। इसलिए इतने कम समय में टिकट बिक जाना भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका लोगों का क्रिकेट के प्रति जुनून को दर्शाता है।

रहाणे मुंबई की रणजी टीम में, पृथ्वी करेंगे अगुआई

मुंबई। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को आगामी रणजी सत्र के लिए मंगलवार को मुंबई की रणजी टीम में शामिल किया गया।

रणजी ट्रॉफी में 41 बार के चैंपियन मुंबई को ग्रुप डी में सौराष्ट्र, गोवा और ओडिशा के साथ रखा गया है। टीम अपने लीग मुकाबले अहमदाबाद में खेलेगी। अध्यक्ष सलील अंकोला, गुलाम पारकर, सुनील मोरे, प्रसाद देसाईऔर आनंद यालविगी की मुंबई की सीनियर चयन समिति ने युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को 21 सदस्यीय टीम का कप्तान चुना है।

यह उम्मीद थी कि फॉर्म हासिल करने की कवायद के तहत रहाणे रणजी ट्रॉफी खेलेंगे।

मुंबई के चयनकर्ताओं ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे आलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर को भी टीम में शामिल किया है। टीम की घोषणा मुंबई क्रिकेट संघ की वेबसाइट पर की गई।

सीनियर विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे और तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को भी टीम में जगह मिली है।

टीम इस प्रकार है:

पृथ्वी साव (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, आकर्षित गोमेल, अरमान जाफर, सरफराज खान, सचिन यादव, आदित्य तारे, हार्दिक तमोरे, शिवम दुबे, अमन खान, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, प्रशांत सोलंकी, शशांक अतार्डे, धवल कुलकर्णी, मोहित अवस्थी, प्रिंस बदियानी, सिद्धार्थ राउत, रॉयस्टन डियास और अर्जुन तेंदुलकर।

नई फिल्म साइन करने की तैयारी में संजय दत्त

अभिनेता संजय दत्त अपने लंबे फिल्मी करियर में कई बड़े निर्माताओं-निर्देशकों के साथ काम कर चुके हैं। आने वाले दिनों में वह एक से बढक़र एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अब सुनने में आ रहा है कि संजय एक नई फिल्म साइन करने वाले हैं। वह इससे जुडक़र बेहद खुश और उत्साहित हैं। जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होगी।

रिपोर्टों के मुताबिक, संजय जल्द ही मुल्क और शादी में जरूर आना जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके निर्माता दीपक मुकुट के साथ काम करेंगे। वे एक दिलचस्प फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म की कहानी संजय को बेहद पसंद आई है। दोनों ने इस प्रोजेक्ट के सिलसिले में मीटिंग भी की है। हालांकि, अभी किसी की भी तरफ से इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है। जल्द ही फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान किया जाएगा।

सूत्र ने कहा कि दीपक और संजय एक-दूसरे के काम के प्रशंसक हैं और साथ काम करने को बेहद उत्सुक हैं। संजय और दीपक की काफी अच्छी दोस्ती है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के साथ काम करने की राह देख रहे थे। अब आखिरकार उन्हें साथ काम करने का अवसर मिल गया है। संजय पिछली बार अजय देवगन के साथ फिल्म भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आए थे।

मार्च में शादी करने जा रहे हैं अली फजल और ऋचा चड्ढा

बॉलीवुड एक्टर अली फजल और ऋ चा चड्ढा को लेकर हर दिन नयी-नयी खबरें आती हैं। आप सभी को बता दें कि यह कपल बीते 6 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। जी हाँ और अब दोनों ही मार्च के महीने में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। आप सभी को बता दें कि दोनों की पहली मुलाकात फिल्म फुकरे के सेट पर हुई थी। जी हाँ और यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। बीते दिनों एक इंटरव्यू में ऋ चा चड्ढा ने बताया था कि अली के साथ वह अपने घर पर चैप्लिन फिल्म देख रही थीं, तभी उन्हें अली को आय लव यू कहा। वहीँ अली ने तीन महीने लिए उन्हें आय लव यू टू बोलने में। उसी के बाद से दोनों साथ हैं।

आज का राशिफल

मेष: अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए गंभीर तौर पर प्रयास करें। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इज़ाफा होगा। कोई आपको प्यार से दूर नहीं कर सकता है।

वृष: उन भावनाओं को पहचानें, जो आपको प्रेरित करती हैं। डर, शंका और लालच जैसी नकारात्मक भावनाओं को छोड़ें। अटके कामों के बावजूद रोमांस और बाहर घूमना-फिरना आपके दिलो-दिमाग़ पर छाया रहेगा।

मिथुन: गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। कुछ लोगों को आज जमीन से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर धन खर्च करना पड़ सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा।

कर्क: मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते। अगर आप प्रिय को पर्याप्त समय न दें, तो वह नाराज़ हो सकता है।

सिंह: यह हंसी की चमक से उजला दिन है। अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें। प्रिय के बिना समय बिताने में दिक्कत महसूस करेंगे।

कन्या: सुकून हासिल करने लिए कुछ पल क़रीबी दोस्तों के साथ बिताएं। रियल एस्टेट संबंधी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

तुला: आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे। निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। उन चीजों को दोहराना जिनका अब आपके जीवन में कोई महत्त्व नहीं है, आपके लिए ठीक नहीं है।

वृश्चिक: खय़ाली पुलाव पकाने में वक्त ज़ाया न करें। सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें। यूं तो आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा, लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें।

धनु: बेहतर जिंदगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें। अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें।

मकर: सेहत पर ग़ौर करने की ज़रूरत है। आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है। आज आपका रोमानी पहलू उभरकर आएगा। आज अपने लिए वक्त निकालकर अपने जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

कुंभ: माता-पिता को अनदेखा करना आपके भविष्य की संभावनाओं को ख़त्म कर सकता है। अच्छा समय बहुत ज़्यादा दिनों तक नहीं रहता है। आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है। काम को समय पर निपटाकर जल्दी घर जाने से परिजनों को खुशी मिलेगी।

मीन: व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपके नज़रिए का समर्थन करेंगे। प्रिय की बेवजह मांग के आगे न झुकें।

मैक्सिकन राइस

बाहर रेस्टोरेंट में खाने गए हैं और कुछ अलग एंड हेल्दी ट्राय करना चाहते हैं तो मेक्सिकन राइस ऑर्डर कर सकते हैं। जो स्योर आएगा आपको बेहद पसंद।

सामग्री :

2 कप चावल उबले हुए, 1 टेबलस्पून घी, 1 टेबलस्पून बटर, 1 एक टेबलस्पून लहसुन बारीक कटा हुआ, 1 प्याज कटा हुआ, आधा कप टमैटो प्यूरी, स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून रेड चिली पाउडर, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून जीरा पाउडर, 2 टीस्पून ऑरगेनो, 2 टीस्पून रेड चिली फ्लेक्स, 1 टेबलस्पून टमैटो केचअप, 1 हैलपीन्यो गोल कटी हुई, आधा कप स्वीट कॉर्न, एक कप लाल, पीली, हरी शिमला मिर्च बारीक कटी हुई, आधा कप उबला हुआ राजमा, थोड़ी सी ताजी धनिया पत्ती

विधि :

- कड़ाही में घी और मक्खन गर्म करके सबसे पहले लहसुन भूनें।
- फिर 2 मिनट बाद इसमें प्याज भूनें।
- प्याज जब हल्का ब्राउन हो जाए तो इसमें टमाटर प्यूरी, नमक, ऑरगेनो, जीरा पाउडर, रेड चिली पाउडर, - काली मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, रेल चिली फ्लेक्स, टमैटो केचअप डालें।
- सारी चीज़ें अच्छी तरह मिलाकर तीन से चार मिनट तक पकाएं।
- इसके बाद स्वीट कॉर्न, तीनों तरह की शिमला मिर्च, हैलपीन्यो और राजमा मिलाएं।
- सबसे अंत में चावल मिलाकर 10 से 12 मिनट तक पकाएं।
- तैयार राइस को ताजी धनिया पत्तियों से सजाकर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 344

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 344

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.343 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2